卐 श्री सदगुरू देवाय नमः卐 卐ओ३म् 卐 卐 जय माता दी 卐
卐 सीताराम बाबा जी 卐卐 जय बाबा की 卐卐 श्याम बाबा 卐 卐
卐 ! जाके सुमिरन तें रिपु नासा!! ! नाम सत्रुहन बेद प्रकासा!! 卐

उल्लंघ्य सिन्धोः सलिलं सलीलं,यः शोकवह्निं जनकात्मजायाः आदाय तेनैव ददाह लंकां,नमामि तं प्राञ्जलिराञ्जनेयम्
मनोजवं मारुत तुल्य वेगं,जितेन्द्रियं बुद्धिमतां वरिष्ठम् वातात्मजं वानरयूथ मुख्यं, श्रीराम दूतं शरणं प्रपद्ये

केन्द्र व उत्तरांचल सरकार से विज्ञापन मान्यता प्राप्त

हिन्दी सान्ध्य दैनिक

# उत्तरांचल दर्पण

♦वर्ष 23 ♦अंक 264 ♦पृष्ठ 8 ♦रुद्रपुर(ऊधमसिंहनगर) ♦शनिवार ♦1 जुलाई 2023 ♦मूल्य दो रूपया

darpan.rdr@gmail.com 9897427585 UTTARANCHAL DARPAN www.uttaranchaldarpan.in

GAGNEJA PROPERTIES
CONTACT FOR SALE, PURCHASE RENT & LEASE
✔ Shops ✔ Houses
✔ Industrial Property
✔ Commercial Property
✔ Agriculture Land
REAL ESTATE WITHOUT THE HASSLE
MO.-8630672525,8279444462
ADD- SRA F69, Shop No.4, Adarsh Colony, Rudrapur

## बस में आग, 25 यात्रियों की मौत

पुणे (उद ब्यूरो)।महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में समृद्धि एक्सप्रेस-वे पर शुक्रवार देर रात एक बस में आग लग जाने से 25 यात्रियों की जलकर मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक, बस जब समृद्धि महामार्ग एक्सप्रेसवे पर बुलढाणा के पास थी तभी बस पलट गई और इसके बाद उसमें भीषण आग लग गई। बुलढाणा पुलिस के डिप्टी एसपी बाबूराव महामुनि के मुताबिक, बस में 33 लोग सवार थे। जिनमें से 25 लोगों की जलकर मौत हो गई। वहीं, अन्य लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। उधर बुलढाणा जिला कलेक्टर ने कहा कि शवों की डीएनए जांच की जाएगी, जिसके बाद सभी शवों कों परिजनों को सौंप दिए जाएंगे। बुलढाणा पुलिस के डिप्टी एसपी बाबूराव महामुनि ने बताया कि यह घटना शुक्रवार रात करीब दो बजे की है। बस से 25 शव निकाले गए हैं। बस में कुल 33 लोग सवार थे। मृतकों में तीन बच्चे भी शामिल हैं। इस हादसे में छह से आठ लोग घायल हैं। फिलहाल हादसे की सही वजहों का पता नहीं चल पाया है। घायलों को बुलढाणा सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जा रहा है। बस का ड्राइवर भी बच गया और उसने कहा कि टायर फटने के बाद बस पलट गई, जिससे बस में आग लग गई।



प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि बस पहले नागपुर से औरंगाबाद की ओर जाने वाले रास्ते पर दाहिनी ओर एक लोहे के खंभे से टकराई। जिसके बाद ड्राइवर ने संतुलन खो दिया। इस दौरान बस रोड के बीच बने कंक्रीट के डिवाइडर से टकराकर पलट गई। प्रत्यक्षदर्शियों ने यह भी बताया कि बस बायीं तरफ पलटी, जिससे बस का दरवाजा नीचे आ गया। ऐसे में उसमें सवार लोग बाहन नहीं निकल सके। बताया ये भी जा रहा है कि हादसे के दौरान बस से बड़ी मात्रा में डीजल सड़क पर फैल गया। डीजल फैलने के कारण ही बस में आग लग गई। बस के मालिक वीरेंद्र डारना ने इस घटना पर दुख जताते हुए बताया कि यह उनके परिवार की बस थी। इसे 2020 में लिया गया था। यह बस नई थी, जिसके दस्तावेज पूरी तरह से ठीक हैं। बस के चालक के पास भी अच्छा अनुभव है। बस दुर्घटना को लेकर पीएम नरेंद्र मोदी ने भी मुआवजे का एलान किया है। उन्होंने ट्वीट में कहा, "महाराष्ट्र के बुलढाणा में हुई बस दुर्घटना से बहुत दुखी हूं। मेरी संवेदनाएं और प्रार्थनाएं उन लोगों के परिवारों के साथ हैं जिन्होंने अपनी जान गंवाई। घायल शीघ्र स्वस्थ हों। स्थानीय प्रशासन प्रभावितों को हर संभव सहायता प्रदान कर रहा है। बस दुर्घटना में जान (शेष पृष्ठ सात पर)

गुरू माँ
उत्तराखंड की सबसे बड़ी इलेक्ट्रॉनिक्स रिटेल चेन
गर्मियों में ठंड जैसी राहत
गुरू माँ
36 महीने तक की EMI उपलब्ध
Budget Ac
Premium Split Ac
Mid-Range Split Ac
Heavy-Duty Split Ac
Easy EMI Options Available
SONY Whirlpool SAMSUNG IFB Haier BOSCH VOLTAS
DAIKIN HITACHI MITSUBISHI ELECTRIC GENERAL LLOYD BLUE STAR
Refrigerator की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Deep Freezer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RO Purifier की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Water Dispencer की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
Air Cooler की सबसे बड़ी रेंज उपलब्ध
RUDRAPUR- Civil Line +91-9927882338, Kashipur Bypass +91-9690282777 , Kashipur Bypass +91-9756233166 , Sony Center +91-9917170230 KASHIPUR- Ramnagar Road +91 8791989500, Cheema Chauraha +91 9927813555 HALDWANI- Tikonia +91-9997207007, Pilikothi +91-8923468434, Pilikothi +91-9690256666, HARIDWAR- Haridwar +91-9761699704 MORADABAD- Moradabad +91-7500839146, GADARPUR- Near Super Market +91-9927850999, KICHHA- Kichha +91-7017595920, LOHAGHAT- Daak Bangla Road +91-9568035735 DEHRADUN- Kaluagarh Road +91-8394949454 PANIPAT- West Market Opp. Central Bank +91-8607964000 KARNAL-Mangal Singh Market +91-8684077000 , 49 Ram Nagar +91-8908350000

## कलयुगी भाई ने नाबालिग बहन से किया रेप

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। प्रदेश में महिला उत्पीड़न की घटनाएं थमने का नाम नहीं ले रही हैं। यहां तक कि किशोरियां व महिलाएं अपने घर में भी सुरक्षित नहीं रही हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। अब ऐसा ही एक और शर्मनाक मामला सामने आया है जिसमें एक भाई ने अपनी सगी नाबालिग बहन को बार बार अपनी हवस का शिकार बनाया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार किच्छा निवासी एक व्यक्ति ने रपट दर्ज कराते हुए कहा है कि सुनील



नामक युवक ने अपनी 13 वर्षीय सगी बहन के साथ कई बार बलात्कार किया। आरोप है कि आरोपी भाई ने बहन को धमकी भी दी कि यदि इस बात का किसी से जिक्र किया तो वह उसे जान से मार देगा। जब किशोरी (शेष पृष्ठ सात पर)

## अपराधों पर नकेल कसने को रहें तत्पर: एसएसपी

### मासिक गोष्ठी में 19 अधिकारी और कर्मचारी पुरस्कृत

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। जदपद में अपराधों पर प्रभावी ढ़ंग से नकेल कसने के लिए सभी को हरपल तत्पर रहना होगा। यह बात एसएसपी मंजूनाथ टीसी ने मासिक अपराध गोष्ठी सम्मेलन में उपस्थित अधीनस्थ अधिकारियों व कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कही। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि सभी थाना प्रभारी पुलिस मुख्यालय, रेंज स्तर पर चलाए जा रहे अभियान में शत-प्रतिशत कार्यवाही करना सुनिश्चित करें, मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध आवश्यक कार्यवाही करें, क्षेत्र में कानून एवं शान्ति व्यवस्था को प्रभावित करने वाले व्यक्तियों के विरुद्ध प्रभावी निरोधात्मक (शेष पृष्ठ सात पर)





## ट्रक से भिड़ी कार,बालिका घायल

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। नेशनल हाईवे 74 पर कार और ट्रक भिड़ंत मे एक बालिका घायल हो गयी। घायल बालिका को 108 की मदद के अस्पताल ले जाया गया। कार के एयरबैग खुलने से बड़ी अनहोनी टल गयी। जानकारी के मुताबिक किया कार संख्या यूपी 26एएल 9289 शनिवार सुबह रूद्रपुर से काशीपुर की ओर जा रही थी। धौलपुर के पास अनियंत्रित कार सड़क किनारे खड़े ट्रक से भिड़ गयी। भिड़ंत से कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गयी। हादसे के वक्त कार में एक ही परिवार के तीन लोग सवार थे। जिनमें से एक बालिका घायल हो गयी। जबकि अन्य को मामूली चोटें आयी हैं। 108 की मदद से बालिका को उपचार के (शेष पृष्ठ सात पर)



## चलती बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर शिक्षिका से छेड़छाड़

देहरादून (उद संवाददाता)। रोडवेज की चलती बस में नशीला पदार्थ सुंघाकर शिक्षिका से छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र की रहने वाली शिक्षिका ने पुलिस को दी शिकायत में कहा कि वह सहारनपुर जिले के एक स्कूल में पढ़ाती हैं। 21 जून की सुबह वह घर से स्कूल जाने के लिए पति के साथ देहरादून आईएसबीटी पहुंचीं। घर से निकलने पर उन्हें एहसास हुआ कि कोई पीछा कर रहा है। पति को भी उन्होंने यह बात बताई। पति उन्हें बस में बैठाकर लौट गए। दोपहर बाद स्कूल से घर आने के लिए वह उत्तराखंड परिवहन निगम की बस में सवार हुईं कंडक्टर ने उन्हें अपनी बगल वाली सीट पर बैठा दिया। शिक्षिका ने बताया, इसी दौरान उनके पास बैठे एक व्यक्ति ने तीन सवारियों के लिए कंडक्टर को 500 रुपये दिए। इसके बाद कंडक्टर उठ गया और शिक्षिका के अलावा दो अन्य लोग वहां बैठ गए। एक व्यक्ति उनकी पीछे वाली सीट पर बैठा। शिक्षिका का (शेष पृष्ठ सात पर)

## हलवाई की दुकान में सिलेंडर फटने से कारीगर गंभीर

अल्मोड़ा(उद संवाददाता)। कारखाना बाजार स्थित केशव हलवाई की दुकान में शनिवार सुबह गैस सिलेंडर ब्लास्ट हो गया। ब्लास्ट की चपेट में आने से दुकान में काम करने वाला एक कर्मचारी झुलस गया। जिसको जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे हल्द्वानी सुशीला तिवारी रेफर कर दिया। कारीगर की उम्र 25 वर्ष बताई जा रही है। दुकान में सिलेंडर का धमाका इतना जबरदस्त था कि पूरे बाजार में अफरा तफरी मच गई। जानकारी के अनुसार जब सिलेंडर ब्लास्ट हुआ तब उससे पहले कड़ाई में दूध उबाला जा रहा था। गनीमत यह रही कि जो सिलेंडर ब्लास्ट हुआ उसमें गैस कम थी, जिससे बड़ा हादसा होने से टल गया। वहीं नगर व्यापार मंडल अध्यक्ष सुशील साह ने बताया कि सिलेंडर ब्लास्ट सुबह लगभग पौने नौ बजे हुआ। देखते ही देखते आस पास के लोगों में अफरा तफरी मच गई।

# 150 से अधिक बच्चों का दाखिला करवाना गर्व की बात:डीजीपी


हल्द्वानी (उद संवाददाता)। डीजीपी उत्तराखंड अशोक कुमार द्वारा अपने जनपद भ्रमण दौरे में पुलिस के विभिन्न शाखाओं/कार्यालयो मोबाइल रिकवरी सेल, अभिसूचना इकाई, एसओजी कार्यालय, पुलिस संचार केंद्र इत्यादि का भौतिक निरीक्षण किया गया। तत्पश्चात उन्होंने पुलिस सभागार में नीलेश आनंद भरणे आईजी कुमाऊं परिक्षेत्र, पंकज भट्ट, एसएसपी नैनीताल, डॉ. जगदीश चंद्र एसपी क्राइम/यातायात, हरबंस सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी, जनपद के समस्त क्षेत्राधि कारी सहित कुमाऊं परिक्षेत्र के समस्त क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन के साथ गोष्टी आयोजित कर उनके कार्यों (सोशल मीडिया मॉनिटरिंग, सीसीटीएनएस, कुमाऊं परिक्षेत्र स्तर पर संचालित विभिन्न अभियानों) इत्यादि की समीक्षा की गई। इसके पश्चात डीजीपी द्वारा प्रदेश स्तर पर प्रचलित भिक्षा नहीं शिक्षा दो अभियान कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए एसएसपी के नेतृत्व में जनपद नैनीताल पुलिस द्वारा विभिन्न निम्न तबकों के बच्चे जो विगत समय में नगर के विभिन्न स्थानों में भिक्षावृत्ति के कामों में संलिप्त थे। जिन्हें भिक्षावृत्ति से हटाकर ऐसे कुल150 से अधिक बच्चों को विभिन्न स्वयं सहायता समूहो के माध्यम से नगर के विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में दाखिला दिलवाकर समाज की मुख्यधारा में जोड़ने का प्रयास किया गया। डीजीपी ने जनपद पुलिस के इस कार्य की सराहना करते



हुए कहा कि भिक्षावृत्ति समाज के लिए अभिशाप है अत: इसे समाज से जड़ से खत्म करने का प्रयास भिक्षा नहीं शिक्षा दो अभियान के तहत किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि संपूर्ण प्रदेश स्तर पर 350 बच्चो में से जनपद नैनीताल पुलिस द्वारा अब तक कुल 150 से अधिक बच्चों को विभिन्न सरकारी एवं प्राइवेट स्कूलों में दाखिला करवाया गया है जो जनपद पुलिस सहित संपूर्ण प्रदेश स्तर के लिए गर्व की बात है। उन्होंने इस अभियान में जनपद नैनीताल स्तर पर अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले आरक्षी हरजीत सिंह को मेडल प्रदान किए जाने की संस्तुति भी की। इस अवसर पर नीलेश आनंद भरणे पुलिस महानिरीक्षक कुमाऊं परिक्षेत्र, पंकज भट्ट, एसएसपी नैनीताल, डॉ. जगदीश चंद्र एसपी क्राइम/यातायात नैनीताल, बसंत बल्लभ तिवारी पुलिस अधीक्षक दूरसंचार कुमाऊं परिक्षेत्र नैनीताल, हरबंस सिंह एसपी सिटी हल्द्वानी, शांतनु पराशर, पीआरओ डीजीपी उत्तराखंड, जनपद नैनीताल के समस्त क्षेत्राधिकारी भूपेंद्र सिंह धोनी क्षेत्राधिकारी हल्द्वानी, बलजीत सिंह भाकुनी क्षेत्राधिकारी रामनगर, नितिन लोहनी क्षेत्राधिकारी भवाली, श्रीमती संगीता क्षेत्राधिकारी लालकुआं, रेवाधर मठपाल, पुलिस उपाधीक्षक दूरसंचार नैनीताल, कुमाऊं परिक्षेत्र के समस्त क्षेत्राधिकारी ऑपरेशन सहित भगवत सिंह राणा प्रतिसार निरीक्षक रिजर्व पुलिस लाइन नैनीताल, राजकुमार सिंह, निरीक्षक पुलिस दूरसंचार नैनीताल, हरेंद्र सिंह प्रभारी निरीक्षक कोतवाली हल्द्वानी, निरीक्षक शहरपाल सिंह, नीरज भाकुनी थानाध्यक्ष बनभूलपुरा,रमेश बोहरा थानाध्यक्ष मुखानी,प्रमोद पाठक थानाध्यक्ष काठगोदाम,चंद्रशेखर भट्ट, आशुलिपिक एसएसपी सहित जनपद के समस्त अधि नस्थ पुलिस अधिकारी गण मौजूद रहे।

## कैंटीन प्रबंधक को सेवानिवृत्त होने पर दी विदाई

बागेश्वर(उद संवाददाता)।जिले के पूर्व सैनिकों के लिए स्थापित गोल्डन फिश कैंटीन के प्रबंधक कैप्टन हरीश सिंह मेहरा को उनके सेवाकाल पूर्ण होने पर भावभीनी विदाई दी गई। कैंटीन कर्मियों, और भूतपूर्व सैनिकों ने संयुक्त रूप से विदाई समारोह आयोजित किया, वही मौजूद सभी पूर्व सैनिकों ने उनके सेवाकाल में सभी सैनिकों को मिली सेवा को सराहनीय बताया, साथ ही कर्तव्यनिष्ठा और बेहतर अनुशासन से कैंटीन संचालन करने, पूर्व सैनिकों की हर समस्या को सुनकर उनका समाधान करने को कार्यशैली को उत्कृष्ट बताया।वही कैंटीन प्रबंधक के रूप में साढ़े पाँच वर्ष के कार्यकाल के दौरान सभी लोगों के द्वारा मिले अपार प्यार व सहयोग के लिए सभी लोगों का आभार जताया। कहा कि



वर्तमान कैन्टीन प्रबंधक कैप्टन उमेश कुमार के साथ मिलकर आपसी समन्वय से कैन्टीन को और बेहतर ढंग से संचालित किया जाएगा।कहा कि कैन्टीन व पूर्व सैनिकों की उन्नति के लिए जितना हर समय अथक प्रयास किया जाएगा।उन्होंने सैनिक संगठन को मजबूत बनाने में सभी से आगे आने की अपील की। इस दौरान नवागत कैंटीन प्रबंधक ने सभी पूर्व सैनिकों के लिए बेहतर सेवा प्रदानकरना अपनी प्राथमिकता बताया।इस दौरान सुरेंद्र रौतेला, दीपक पांडे,मनोज गोस्वामी, पूर्व सैनिक केशर सिंह,राजेन्द्र सिंह आदि थे।

## सैन्य धाम को भेजा पवित्र सरयू-गोमती का जल

बागेश्वर (उद संवाददाता)। उत्तराखण्ड में सैनिक परिवारों के कल्याण के लिए पांचवा धाम सैन्य धाम देहरादून में बनाया जा रहा है।इसके लिए अमर जवान ज्योति का निर्माण किया जा रहा है जिसके लिए प्रदेश के पवित्र नदियों का पवित्र जल भेजा जा रहा है। शुक्रवार को जिला पंचायत अध्यक्ष बसंती देव ने सरयू-गोमती का पवित्र जल कलश सैनिक कल्याण एवं पुर्नवास अधिकारी कर्नल गंगा सिंह बिष्ट को सैन्य धाम ले जाने हेतु दिया। जिपंअध्यक्ष ने सैनिकों के सम्मान में सैन्य धाम निर्माण हेतु केन्द्र व राज्य सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि हमें सभी सैनिकों पर गर्व है तथा उन्हें सभी शहीद सैनिकों को श्रद्धांजलि दी।पवित्र सरयू गोमती संगम तट को




इतिहास में कुली बेगार प्रथा सहित अनेक महात्माओं और ऋषि महात्माओं की तपोस्थली बताया। कार्यक्रम में सहायक सैनिक कल्याण अधिकारी रमेश तिवारी,भाजपा महामंत्री संजय परिहार, भावना गड़िया, मदन आगरी, रमेश तिवारी,जीवंती काण्डपाल, प्रकाश शाह, मनोज ओली, बिक्की सुयाल, संजय नेगी, घनश्याम तिवारी, गोविन्दसाह जगाती, पूर्व सैनिक मादो सिंह, महेश राम, किशन सिंह, प्रहलाद सिंह, कमला तिवारी, उमा दूबे आदि मौजूद थे।

## फास्ट फूड की आड़ में चल रहा था कच्ची शराब का धंधा

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। अवैध शराब बेचने के लिए तमाम लोग नए नए हथकंडे अपना रहे हैं। नशा तस्कर अपने कारोबार की आड़ में अवैध शराब बेचने में जुटे हुए हैं। ऐसे कई मामले सामने आ चुके हैं। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत सिटी मजिस्ट्रेट ने दमुवाढूंगा स्थित एक घर में छापेमारी कर फास्ट फूड के कारोबार के साथ बिक्री के लिए रखी गई अवैध कच्ची शराब बरामद की। शराब तस्कर मौके से फरार हो गया। सिटी मजिस्ट्रेट ने आबकारी विभाग को इस मामले में कार्यवाही करने निदेश दे दिए। जानकारी के अनुसार सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह को एक सूचना मिली कि दमुवाढूंगा मल्ला प्लाट के पास स्थित एक घर से अवैध शराब का कारोबार किया जा रहा है। सूचना पर सिटी मजिस्ट्रेट ऋचा सिंह ने मय टीम बताये गये स्थान पर औचक दबिश दी लेकिन छापे से पहले ही गृह स्वामी फरार हो गया। टीम ने तलाशी के दौरान घर के बाहर रखे गैलन से कच्ची शराब बरामद की। फरार अभियुक्त फास्ट फूड की दुकान चलाता है और वहां पर कच्ची शराब की बिक्री करता था। आबकारी विभाग ने मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हरकी पैड़ी से चोरी हुआ छह माह का मासूम दिल्ली से बरामद


हरिद्वार(उद संवाददाता)। हरिद्वार पुलिस ने 15 दिन पहले हर की पैड़ी के पास से चोरी हुआ 6 महीने का बच्चा बरामद कर लिया है। गाजियाबाद जिले से हरिद्वार घूमने आए परिवार के बच्चे को दिल्ली के एक दंपति ने चुरा लिया था।16 जून की रात को पीड़ित परिवार मेला नियंत्रण भवन के पास सो रहा था। जब दिल्ली के दंपति ने उनके बच्चे को चुरा लिया। घटना की जानकारी मिलने के बाद से पुलिस लगातार बच्चे की तलाश कर रही थी। लेकिन ब्लाइंड केस होने के चलते पुलिस को मामले की तफ्तीश में काफी मुश्किल हो रही थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए एसएसपी अजय सिंह ने एसओजी और नगर कोतवाली पुलिस की कई टीमें बनाई। जिसके बाद घटनास्थल के



आसपास लगे हुए सैकड़ों सीसीटीवी कैमरे खंगाले गए। लंबी चली तफ्तीश के बाद पुलिस के हाथ सुराग लगा और आज पुलिस ने दिल्ली के कुतुब विहार से 6 महीने के अभिजीत को बरामद कर लिया है। एसएसपी अजय सिंह ने बताया कि आरोपी पति पत्नी मेडिकल कारणों से बच्चे को जन्म नहीं दे पा रहे थे। इसलिए उन्होंने बच्चे को चुराने का कदम उठाया। 6 महीने का मासूम वापस मिल जाने के बाद बच्चे के माता-पिता पुलिस को धन्यवाद देते नहीं थक रहे हैं।

## संदिग्ध हालातों में नवविवाहिता लापता

काशीपुर(उद संवाददाता)। कोतवाली थाना क्षेत्र से एक नवविवाहिता बेहद संदिग्ध परिस्थितियों में लापता बताई जा रही है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर



मामले की गुमशुदगी दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू कर दिया। पुलिस को तहरीर देकर मोहल्ला कटोराताल निवासी इकरार अहमद ने बताया कि बीते 27 जून को लगभग 6:30 बजे उसकी 18 वर्षीय पत्नी तैय्यबा परिजनों को बगैर बताए घर से कहीं चली गई जिसका आज तक कोई पता नहीं चल सका। शिकायतकर्ता ने पुलिस को बताया कि तमाम इंतजार के बाद भी जब उसका पता नहीं चला तो उसने संभावित स्थानों के अलावा रिश्तेदारी में भी महिला की तलाश की लेकिन इस बाबत कोई जानकारी नहीं मिल सकी। पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमशुदगी दर्ज कर गायब विवाहिता का पता लगाना शुरू किया है।

## मुख्य बाजार में भटकता मिला किशोर

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। गत सायं नगर के मुख्य बाजार में एक किशोर भटकता हुआ पाया गया। जानकारी मिलने पर पुलिस ने किशोर से आवश्यक पूछताछ के



बाद उसके परिजनों की खोजबीन शुरू कर दी तथा उसे परिजनों के सुपुर्द कर दिया।जानकारी के अनुसार गत सायं मुख्य बाजार में एक किशोर लोगों से माता पिता से मिलवाने को कह रहा था। मामले की सूचना पुलिस की दी गई। पुलिस ने किशोर से पूछताछ की तो उसने अपना नाम पता अभय प्रताप पुत्र भानु प्रताप निवासी ग्राम पनगडियां थाना खजूरिया बिलासपुर रामपुर बताया। उसका कहना था वह साइकिल से घूमते हुए रास्ता भटक जाने के कारण मुख्य बाजार पहुंच गया है। पुलिस ने काफी प्रयासों के बाद उसके परिजनों का पता लगाकर उन्हें मामले से अवगत कराते हुए बुलवाया। उनके यहां पहुंचने पर आवश्यक कार्रवाई के बाद किशोर उनके सुपुर्द कर दिया गया।

## पंत विवि के 11 कार्मिक सेवानिवृत्त

पंतनगर(उद संवाददाता)। गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय से जून, 2023 माह में 11 कार्मिक सेवानिवृत्त हुए। सभी कार्मिकों को उनके विभागाध्यक्षों द्वारा भावभींनी विदाई दी गई। सभी विभागाध्यक्षों ने उनके



कार्यों की प्रशंसा करते हुए कहा कि कार्मिकों के अथक परिश्रम से विवि को सर्वोच्च मुकाम हासिल किया। इसके लिए उन्होंने सभी सेवानिवृत्त कर्मियों के सहयोग के लिए धन्यवाद दिया। सेवानिवृत्त होने वाले कार्मिकों में विवि चिकित्सालय के दंत चिकित्सक डा. पंकज अग्रवाल, प्रसार निदेशालय के कनिष्ठ वैज्ञानिक डा. भूपेन्द्र वीर सिंह, कृषि महाविद्यालय के कनिष्ठ वैज्ञानिक डा. शिवजी सिंह, सामान्य खंड, निर्माण खंड व जल खंड में सहायक लेखाधिकारी सुशील कुमार श्रीवास्तव, प्रौद्योगिक महाविद्यालय में वरिष्ठ प्रयोगशाला सहायक किफायत उल्ला खान, जल खंड में पंप चालक नारायण सिंह, विज्ञान एवं मानविकी महाविद्यालय में मैकेनिक मेवाराम यादव, कुलपति कार्यालय में पत्रवाहक रवीन्द्र प्रसाद शर्मा, शोध निदेशालय में पत्रवाहक बहाली साह, तथा स्वच्छक सोमवती व लक्ष्मी देवी शामिल हैं। उधर सहायक लेखाधिकारी सुशील श्रीवास्तव एवं पंप चालक नारायण सिंह को निर्माण एवं संयंत्र में निदेशक डा. ज्योति प्रसाद ने स्मृति चिन्ह एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि विभाग को दो कर्मठ कर्मियों की कमी हमेशा खलेगी।

## कार्बेट का बिजरानी एवं गर्जिया जोन सैलानियों के लिए बंद

रामनगर(उद संवाददाता)। विश्व प्रसिद्ध कार्बेट पार्क का बिजरानी एवं गर्जिया जोन सैलानियों के लिए बंद कर दिया गया हैं। अब अक्टूबर माह में दोनों जोन खुलेंगे। बरसात के महीने में पार्क के बिजरानी व गर्जिया जोन में सैलानियों की आवाजाही बंद कर दी जाती है। इस सीजन में कार्बेट पार्क में लाखो की तादात में सैलानियों ने पार्क का भ्रमण किया है। पार्क के बिजरानी जोन में घास के विशाल मैदानों में



विचरता गजराज का झुंड, रोमांच जगाती वनराज की एक झलक व तरह-तरह के जंगली जीव जंतुओं का अनूठा संसार 30 जून से सैलानियो के लिये बंद कर दिया है। कार्बेट नेशनल पार्क में रॉयल बंगाल टाइगर कार्बेट की पहचान है। अब बिजारानी व गर्जिया जोन के खूबसूरत जंगलों और उसके वाशिंदों के दीदार अक्टूबर माह में हो सकेंगे। इस बार भी बिजारानी व गर्जिया जोन के सुंदर प्रकृति का लुत्फ उठाने काफी तादात में सैलानी या पहुंचे थे। बरसात में पार्क की सड़कें खराब होने, नदी नालों के उफान के कारण पार्क को बंद करना पड़ता है।

वाटर प्रूफिंग
हमारे यहां मकान की वाटर प्रूफिंग जैसे- छत का टपकना, सिलन आना, लिकीज होना, बेसमेन्ट, शौचालय, बाथरूम, किचन में सिलन आना व पानी टपकना एवं टिन शैड का कार्य सन्तोषजनक किया जाता है।
प्रो. शादाब खान
9012051994, 6399038125
आर्क होटल के पीछे, बत्रा कालोनी, बिलासपुर रोड, रुद्रपुर

Shri Shyam Properties
Deals In: Sale, Purchase And Rent Of Any Type Of Property
CONTACT NO.: 7830482222, 7500049657


जगदीश
कलर लैब
टंडन फोटो स्टूडियो
पासपोर्ट फोटो तुरन्त प्राप्त करें
जनरेटर सुविधा भी उपलब्ध है।
मोबाइल, चिप, डिजिटल कैमरा, पेन ड्राइव, सीडी आदि डिजिटल कार्य तुरन्त बनवायें।
काशीपुर बाईपास रोड,
गुरूनानक कन्या इण्टर कालेज के सामने गली में, रुद्रपुर
E-mail: jagdishcolourlab@gmail.com
Web: jagdishcolourlab.com
05944-246817

# विशिष्टजनों से भेंट कर बताई मोदी सरकार की उपलब्धियां

रूद्रपुर(उद संवाददाता)। केंद्र की मोदी सरकार के नौ साल पूरे होने के उपलक्ष्य में देश भर में चलाया जा रहा महाजनसंपर्क अभियान जारी है। इसी के तहत शुक्रवार को भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने जिला मुख्यालय पर विशिष्टजनों से मुलाकात कर उन्हें केन्द्र सरकार और प्रदेश की उपलब्धियां बतायी और मिस्ड कॉल के माध्यम से मोदी सरकार को समर्थन दिलाया। बता दें मोदी सरकार की नौ साल की उपलब्धियों को जन जन तक पहुंचाने के लिए भाजपा ने राष्ट्रीय स्तर पर अभियान चलाया है। इसके लिए भाजपा नेताओं को अलग अलग जिम्मेवारी सौंपी गयी हैं आम जनता से लेकर खास लोगों से भी मुलाकात के अलग अलग कार्यक्रम तय किये गये हैं। हर विधानसभा में विशिष्ठ व्यक्तियों की सूची तैयार कर उनसे संपर्क और विभिन्न मुद्दों पर उनकी राय भी ली जा रही है। जिला मुख्यालय में शुक्रवार को इस अभियान के तहत भाजपा प्रदेश मंत्री विकास शर्मा ने सबसे पहले कई देशों को चावल का निर्यात कर रहे उद्योगपति केएलए राईस इंडिया लिमिटेड के एमडी अरूण अग्रवाल और उनकी धर्मपत्नी नीतू अग्रवाल से मुलाकात की। इस दौरान विकास शर्मा ने बीते दिनों प्रधनमंत्री द्वारा अमेरिकी राष्ट्रपति को उपहार स्वरूप दिये गये उत्तराखण्ड के खास चावल पूसा 1121 के बारे में भी जानकारी ली और इस चावल की डिमांड विश्व में बढ़ने पर केएलए परिवार को बधाई दी। साथ ही विकास शर्मा ने उद्योगपति अरूण अग्रवाल को मोदी सरकार द्वारा नौ साल में लिये गये ऐतिहासिक फैसलों और तमाम उपलब्धियों से अवगत कराया और पीएम मोदी के विजन को लेकर भी चर्चा की। इसके पश्चात श्री शर्मा ने शहर के प्रतिष्ठित चिकित्सक नारायण अस्पताल एवं ट्रामा सेंटर के एमडी डा. प्रदीप अदलखा एवं डा. सोनिया अदलखा से भी मुलाकात की और चिकित्सा क्षेत्र से जुड़ी उपलब्धियों के बारे में उन्हें अवगत कराया। इसके अलावा श्री शर्मा ने प्रतिष्ठित व्यवसायी नरेन्द्र अरोरा उनकी धर्म पत्नी रेखा अरोरा, एवं व्यवसायी अशोक भल्ला से भी मुलाकात की। मुलाकात के दौरान सभी को उपलब्धियां बताने के साथ ही मिस्ड कॉल के माध्यम से मोदी सरकार का समर्थन भी करवाया। इस दौरान विकास शर्मा ने कहा कि जिन लोगों से भी मुलाकात हुयी है उनका डाटा हाईकमान तक पहुंच चुका है। सभी विशिष्ठजनों को जल्द ही प्रधानमंत्री की ओर से पत्र भेजा जायेगा। विशिष्ठ जनों से संपर्क के दौरान विकास शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में देश लगातार तरक्की कर रहा है। आज विश्व में भारत की साख मजबूत हुयी है। समाज का हर वर्ग खुशहाल हो रहा है। मोदी सरकार बिना किसी भेदभाव के योजनाओं को जनता तक पहुंचा रही है। उन्होंने कहा कि मोदी जैसे यशस्वी प्रधनमंत्री मिलना सभी के लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार की 9 साल की उपलब्धियां देशवासियों का सिर गर्व से ऊंचा कर देती है। राम मंदिर निर्माण, धारा- 370 को समाप्त करना, तीन तलाक कानून सरकार के महत्वपूर्ण कदम है। सरकार भ्रष्टाचार के खिलाफ जीरो टालरेंस की अपनी नीति पर कायम है। लोक कल्याण का हर कार्य आज बिना किसी भेद भाव के किया जा रहा है। देश आज आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ रहा है।







# सेवानिवृत्त होने पर प्रमोद बिष्ट को दी भावभीनी विदाई

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। सेवानिवृत्त होने पर वन सुरक्षा दल तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी में कार्यरत उप वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद सिंह बिष्ट को गौला वन परिवार और वन सुरक्षा दल के सदस्यों द्वारा भावभीनी विदाई दी गई । हल्द्वानी गौला रेंज वन परिसर में आयोजित विदाई समारोह कार्यक्रम का संचालन भुवन चन्द्र तिवारी, वन बीट अधिकारी द्वारा किया गया ।इस अवसर पर वन क्षेत्राधिकारी गौला ,चन्दन सिंह अधिकारी समेत अन्य वक्ताओं ने श्री बिष्ट जी के 37 वर्षों के कार्यकाल पर प्रकाश डाला और सभी वन कर्मियों ने उनके सुखमय और निरोगी जीवन की कामना करते हुए भावुक होकर विदाई दी । श्री बिष्ट जी द्वारा अपने विचार प्रकट करते हुए बताया कि किस तरह विषम परिस्थितियों में 37 वर्षों तक वन विभाग की सेवा की, उन्होंने अपने सहकर्मियों को वनों की सुरक्षा के लिए सत्यनिष्ठा और कर्तव्य से अपना कार्य करने की सलाह दी ।कार्यक्रम में वन क्षेत्राधिकारी गौला चन्दन सिंह अधिकारी, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी तराई पूर्वी वन प्रभाग, हल्द्वानी बलवन्त सिंह नेगी, वन सुरक्षा दल के प्रभारी वन क्षेत्राधिकारी प्रमोद सिंह बिष्ट, तराई केंद्रीय वन प्रभाग, रुद्रपुर के उप वन क्षेत्राधिकारी दीवान सिंह रौतेला, वन दरोगा शोभाशंकर पांडेय के अतिरोक्त गौला वन परिवार एवम वन सुरक्षा दल के समस्त सदस्यों द्वारा प्रतिभाग किया गया।



# निर्दलीय विधायक उमेश कुमार को सीबीआई ने दिया नोटिस

देहरादून(उद संवाददाता)। वर्ष 2016 के बहुचर्चित स्टिंग मामले में खानपुर से निर्दलीय विधायक उमेश कुमार को सीबीआई ने नोटिस दे दिया है। शुक्रवार को टीम ने उनके कैंप कार्यालय पर पहुंचकर नोटिस दिया। विधायक ने नोटिस खुद रिसीव किया है। सीबीआई ने विधायक को चार जुलाई को वायस सैंपल के लिए कोर्ट में पेश होने के आदेश दिए हैं। बता दें कि वर्ष 2016 में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत के स्टिंग मामले में वायस सैंपल लेने के लिए सीबीआई ने चार नेताओं को नोटिस जारी किए हैं। इनमें हरीश रावत, हरक सिंह रावत, कांग्रेस विधायक मदन सिंह बिष्ट और स्टिंग करने वाले और खानपुर विधायक उमेश कुमार शामिल हैं। पूर्व सीएम रावत को गुरुवार को नोटिस जारी हो चुका है।



# सीए दिवस पर किया रक्तदान

रूद्रपुर। सीए दिवस के अवसर पर ब्लड बैंक रूद्रपुर में रक्तदन शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें 40 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया। इस अवसर



पर सीए हरनाम चौधरी, सीए अशोक सिंघल, सीए अभिषे बठला, सीए सारांश सुीजा, सीए मोहित देव, सीए कपिल अरोरा, सीए सूरज, सीए कैलाश गर्ग, सीए मनीष अग्रवाल, सीए चेतन खुराना, सीए तापस, सीए राकेश बत्रा, सीए रिद्धिमा कक्कड़ आदि थे।

# अब नदी तटों से अतिक्रमण हटायेगा वन विभाग

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड वन विभाग वन भूमि से अतिक्रमण हटाने का दूसरे चरण का अभियान चलाएगा। इसमें नदियों के किनारे अतिक्रमण हटाया जाएगा। वन विभाग ने गौला, नधौर, दाबका और कोसी समेत 23 नदियां चिह्नित की हैं। उत्तराखंड में बीते दो माह से अधिक समय से वन क्षेत्र में अवैध कब्जों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। धर्मस्थल के नाम पर किए गए अतिक्रमण को ध्वस्त करने के लिए वन विभाग की टीम युद्धस्तर पर कार्य कर रही है। अब तक अभियान चलाकर कुल 510 अवैध धर्मस्थल हटा दिए गए। इनमें 453 मजार और 45 मंदिर शामिल हैं। अब तक वन विभाग 300 हेक्टेयर से अधिक भूमि को कब्जामुक्त करा चुका है। प्रभागीय वनाधिकारियों को अपने-अपने प्रभाग में भारतीय वन अधिनियम (उत्तराखंड संशोधन)-2002 के सुसंगत प्रविधानों के अनुसार वन भूमि पर अतिक्रमण हटाने के निर्देश दिए गए हैं। वन विभाग की ओर से अवैध धर्मस्थलों को चिह्नित करने और उन्हें हटाने की प्रक्रिया जारी है। नोडल अधिकारी मुख्य वन संरक्षक पराग मधुकर धकाते ने बताया कि अब नदियों के किनारे अभियान शुरू किया जा रहा है। खनन करने वाले मजदूरों की ओर से नदी किनारे ही बस्तियां बना दी जाती हैं। प्रदेश में नदियों के किनारे 30 से 40 प्रतिशत कब्जे हैं। प्रदेश में गौला, खो, सुखरो, शीतला, शारदा, नंधौर, दाबका, कोसी, गंगा, रिस्पना, चोरखाला नाला, स्वर्णीना नदी, आसन के बरसाती नाले, जाखन, मालदेवता, यमुना, टोंस, सहस्रधारा, आसन, मालन, कालसी व गंगा की सहायक नदियों के किनारे अतिक्रमण हटाया जाएगा। चीफ जस्टिस विपिन सांघी और जस्टिस रमेश चंद्र खुल्बे की खंडपीठ ने अतिक्रमण को तत्काल हटाने का आदेश पारित करते हुए कहा, हम वन भूमि, जलमार्ग और सार्वजनिक भूमि पर अतिक्रमण के संबंध में राज्य में प्रचलित वर्तमान स्थिति को देखकर निराश हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि यह सभी के लिए निः शुल्क है और कोई भी भूमि के किसी भी हिस्से पर अतिक्रमण कर सकता है। हम यह स्पष्ट करते हैं कि हम केवल कागजी कार्रवाई से संतुष्ट नहीं होंगे। रिपोर्ट को अतिक्रमणों को हटाने के लिए जमीन पर की गई वास्तविक कार्रवाई से संबंधित होना चाहिए। इनमें से प्रत्येक रिपोर्ट के साथ की गई कार्रवाई की तस्वीरें भी दर्ज की जानी चाहिए।

## नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधरण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम नवीन कुमार छाबड़ा Naveen kumar Chhabra (पुराना नाम) से बदलकर नवीन छाबड़ा Naveen Chhabra (नया नाम) कर लिया है। अत: भविष्य में मुझे नवीन छाबड़ा नया नाम व पता S/o लेखराज छाबड़ा डी 53 एलायंस किंग्स्टन स्टेट सी डी पार्क रुद्रपुर के नाम से जाना पहचाना जाए।

# संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने नवनिर्मित वेयर हाउस का किया निरीक्षण

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। संयुक्त मुख्य निर्वाचन अधिकारी एवं राज्य संपत्ति अधिकारी उत्तराखंड शासन प्रताप सिंह शाह ने टकाना में स्थित नव निर्मित वेयरहाउस का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्री शाह ने कहा कि वेयर हाउस का निर्माण कार्य लगभग पूर्ण हो चुका है जो कि प्रसन्नता का विषय है। उन्होंने अपर जिला अधिकारी को निर्देश दिये कि वेयरहाउस पर बोर्ड चस्पा करने का कार्य शीघ्र पूर्ण करवा लिया जाय तथा वेयरहाउस निर्माण की प्रगति रिपोर्ट फोटोग्राफ सहित राज्य निर्वाचन आयोग को प्रेषित कर दी जाय। उन्होंने कार्यदायी संस्था लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश कि वेयर हाउस में चहार दीवारी,सीसीटीवी कैमरे लगाने आदि अवशेष कार्यों का स्टीमेट शीघ्र शासन को प्रेषित कर दें। उन्होंने कहा कि वेयरहाउस प्रांगण में ट्रक आदि बड़े वाहन आसानी से पहुंच सके इसके लिए वेयरहाउस प्रांगण व मार्ग को व्यवस्थित बनाया जाय।इस अवसर पर एडीएम फिंचाराम चौहान, ईई लोक निर्माण विभाग एमसी तिवारी, तहसीलदार पंकज चंदोला, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी जिला निर्वाचन कार्यालय हंसा दत्त पांडे आदि उपस्थित थे। वेयरहाउस में ईवीएम एवं वीवीपेट रखी जायेगीं।



## नामान्तरण सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि गृहकर अभिलेखानुसार वार्ड नं0 02 में क्रमांक 164 पर श्री अनिल कुमार पुत्र श्री हरनाम दास का नाम अंकित है। जिसको इकरारनामा बिक्री के आधार पर श्री रोहित हुड़िया पुत्र श्री रमेश कुमार हुड़िया निवासी वार्ड नं0 06 आवास विकास गदरपुर ने क्रय किया है। जिसकी पत्रावली नगर पालिका परिषद गदरपुर में प्रस्तुत कर गृहकर अभिलेखों में नामान्तरण कराने के लिये अनुरोध किया है। जो गृहकर अभिलेखो में श्री रोहित हुड़िया पुत्र श्री रमेश कुमार हुड़िया निवासी वार्ड नं0 06 आवास विकास गदरपुर के नाम से नामान्तरण करने के लिए प्रस्तावित है।

उपरोक्त नामान्तरण में यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन तिथि के 30 दिन के भीतर अपनी लिखित आपत्ति पालिका कार्यालय में मय साक्ष्यों सहित प्रस्तुत कर सकते हैं। बाद-मियाद आपत्ति पर विचार नहीं किया जायेगा। विवाद की दशा में सक्षम न्यायालय का आदेश मान्य होगा।

**अधिशासी अधिकारी,नगर पालिका परिषद गदरपुर**

# बस टर्मिनल के निर्माण से कई मकान खतरे की जद में

## विधायक ने रूकवाया काम, ठेकेदार के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने के निर्देश

रुद्रपुर(उद संवाददाता)। नये रोडवेज परिसर निर्माण के कारण उससे सटे दरिया नगर क्षेत्र में कई मकान खतरे की जद में हैं। बीते दिनों ठेकेदार की लापरवाही के चलते एक मकान गिर गया। जिसमें परिवार को लोग बाल बाल बचे। जानकारी मिलने पर विधायक शिव अरोरा ने घटना स्थल पर ध्वस्त हुए मकान का जायजा लिया। इसके बाद विधायक अरोरा रोडवेज परिसर पहुँचे और उन्होंने सर्म्बधित ठेकेदार को स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यह जानबूझकर कर किया गया कार्य है इस प्रकार लापरवाही बिल्कुल बर्दाश्त नही होगी। विधायक ने स्वयं मोके पर देखा कि दीवार के पास से बहुत बड़ा गड्ढा और उसके पास दीवार के ऊपर इतनी अधिक मात्रा में रेत के ढेर के दबाव से पास का मकान क्षतिग्रस्त हो गया जिसमें जानमाल का नुकसान हो सकता था। विधायक ने गुस्सा जाहिर करते हुए ठेकेदार को कहा कि जब तक रोडवेज परिसर के आस पास लगने वाले जितने भी घर है इनकी सुरक्षा का किसी सरकारी तकनीकी विभाग से सर्वे नही हो जाता निर्माण किसी भी हाल में नही होना चाहिये। मौके पर नायब तहसीलदार और रोडवेज के बड़े अधिकारी भी मौजूद थे। साथ ही बाजार चौकी इंचार्ज मौजूद थे। विधायक ने स्पष्ट किया कि सम्बंधित ठेकेदार पर आपराधिक धारा में मुकदमा लिखें। दूरभाष पर उन्होंने एसडीएम से भी मामले को लेकर वार्ता की। उन्होंने एसडीएम से भी निर्माण कार्य रोकने को कहा। उन्होंने कहा कि जब तक कार्यदायी संस्था मकानों की सुरक्षा के संदर्भ में लिखकर नही देती तब तक कोई निर्माण कार्य रोडवेज में नही किया जायेगा। विधायक ने कहा कि आज से एक वर्ष पूर्व वह मौका मुआयना करने एसडीएम के साथ आये थे उस समय खुदाई का कार्य चल रहा था। उस समय ही उन्होंने ठेकेदार को कहा था कि पास से लगे मकान वालों के पास कोर्ट का स्टे है कि रोडवेज परिवार उनके मकान की ओर कोई हस्तक्षेप नही कर सकता और साथ ही निर्माण के समय उनकी सुरक्षा का भी ध्यान रखेगा उसके बाद भी इस प्रकार की लापरवाही जानबूझकर की गयी है। विधायक ने कहा कि किसी की जान माल से प्रकार खिलवाड़ नहीं होना चाहिए। विधायक ने पूरे मामले में एसपी सिटी मनोज के कत्याल से भी बात की। कहा कि इसमे घोर लापरवाही नजर आ रही है इनपर मुकदमा होना चाहिये। जिस परिवार का नुकसान हुआ है उनके मकान को भी ठेकेदार ही सही करवाये। इस दौरान मौके पर तमाम लोग एकत्र हो गये। विधायक शिव अरोरा ने लोगो से कहा आप निश्चित रहें अब आगे से मकानों की सुरक्षा को सुनिश्चित करवाने के बाद ही इसका कार्य आरंभ होगा तब तक निर्माण पूरी तरह बंद रहेगा। इस दौरान मनोज मदान, रोडवेज से महेन्द्र, मनोज मदान, ललित बिष्ट, मयंक कक्कड़, सोनू वर्मा, मोहित मदान व अन्य लोग मौजूद रहे।







## एसबीआई के हैड कैशियर हुड़िया को दी भावभीनी विदाई

गदरपुर(उद संवाददाता)। भारतीय स्टेट बैंक शाखा गदरपुर में हैड कैशियर के पद पर कार्यरत धर्मपाल हुड़िया के सेवानिवृत्त होने पर बैंक द्वारा उन्हें भावभीनी विदाई दी गयीं। इस दौरान धर्मपाल हुड़िया ने कहा कि मेरी पहली पहचान बैंक से हुई बाद में मेरे द्वारा ग्राहकों को दी गयी सेवा ने मेरा सम्मान बढ़ाया है। उन्होंने समस्त स्टाफ से कहा कि ग्राहकों की सेवा से ही सम्मान बढ़ता है और ग्राहकों की सेवा के लिए हमेशा तत्पर रहना चाहिए। शुक्रवार को भारतीय स्टेट बैंक में चीफ मैनेजर राजेश कुमार के नेतृत्व में विदाई समारोह आयोजित किया गया। बैंक में कार्यरत हैड कैशियर धर्मपाल हुड़िया के सेवानिवृत्त होने पर उन्हें भावभींनी विदाई दी गयीं। इस दौरान चीफ मैनेजर सहित समस्त स्टाफ द्वारा धर्मपाल हुड़िया एवं उनके परिजनों का स्वागत किया गया। इस दौरान चीफ मैनेजर राजेश कुमार ने धर्मपाल हुड़िया 38 वर्ष के कार्यकाल में गदरपुर शाखा में 36 वर्ष के कार्य की सराहना करते हुए कर्मचारियों से इनके कार्यो की सीख लेने की बात कही। वहीं बैंक के सभी कर्मचारियों द्वारा धर्मपाल के कार्य की सराहना की। चीफ मैनेजर राजेश कुमार सहित समस्त बैंक कर्मियों द्वारा उन्हें शाल ओढ़कार एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन एकाउन्टेंट टीका राम आर्य ने किया। इस मौके पर दिनेशपुर के शाखा प्रबंधक कमल पंत, मोहन जोशी, कमल किशोर, जसवीर सिंह, किरन रावत, राघव मित्तल, दीपक गोस्वामी, भूपाल सिंह, खीम सिंह, सुरेश लाल,नोनिहाल, गोपाल अरोरा, वीरभान हुड़िया, मोहन लाल हुड़िया, अशोक कुमार हुड़िया, नीना हुड़िया, आशीष हुड़िया, आकाश हुड़िया, घनश्याम हुड़िया, धनपत गुम्बर, पलविन्दर सिंह, गंगा सिंह राणा आदि लोग मौजूद रहे।



## डीजीपी का व्यापारियों ने किया स्वागत

हल्द्वानी। डीजीपी अशोक कुमार का ट्रांसपोर्ट नगर व्यापारी एसोसिएशन ने कोतवाली स्थित पुलिस सभागार में पहुंचकर स्वागत किया और उन्हे ननकाना साहिब गुरुद्वारा की फोटो स्मृति चिन्ह के रुप में भेंट की। साथ ही एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने पुलिस द्वारा किए जा रहे कार्य की सराहना की। इस मौके पर अध्यक्ष अमरजीत सिंह सेठी, महामंत्री प्रदीप सब्बरवाल, इन्द्र कुमार भुटियानी, मुकेश खन्ना, खीमानंद शर्मा, पंकज बोहरा, मंजीत सेठी, ललित मोहन बिष्ट मौजूद थे।





# उत्तराखंड से ही हो सकेंगे अब 'कैलाश पर्वत' के दर्शन

## चीन की चौधराहट अब होगी खत्म, बिना पासपोर्ट वीजा के शिवभक्त कर सकेंगे कैलाश पर्वत के दर्शन

■ अर्श

देहरादून। पवित्र सावन माह आरंभ होने के पहले ही देवाधिदेव महादेव के भक्तों के लिए एक खुश कर देने वाली बड़ी खबर सामने आई है । उत्तराखंड सरकार के पर्यटन विभाग से जुड़े अधि कारियों की माने तो, अब शिव भक्त तिब्बत स्थित महादेव की साधना स्थली कैलाश पर्वत के दर्शन के लिए, नेपाल और चीन की अनुमति के मोहताज नहीं रहेंगे और ना ही उन्हें महादेव के धाम के दर्शन के लिए सिक्किम से नेपाल और नेपाल से चीन तक के घुमावदार रास्ते से जोखिम पूर्ण यात्रा ही करनी पड़ेगी साथ ही अब उन्हें पासपोर्ट और वीजा हासिल करने के पचड़े में भी नहीं पड़ना होगा। भोले भक्त अब उत्तराखंड के पिथौरागढ़ जनपद के नाभीढाग से दो किलोमीटर ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख चोटी से ही पवित्र कैलाश पर्वत दर्शन कर सकेंगे। बताना होगा कि कोविड महामारी की आड़ लेकर चीन ने पिछले कई वर्षों से भारतीयों की कैलाश मानसरोवर यात्रा पर रोक लगा रखी है ।चीन की इस रोक के मद्देनजर भारत सरकार ,उत्तराखंड सरकार एवं उत्तराखंड सरकार के पर्यटन अधिकारी भोले भक्तों को पवित्र कैलाश पर्वत के सुलभ दर्शन कराने के लिए एक वैकल्पिक मार्ग की खोज में एक अरसे से लगे हुए थे। अब वह खोज पूरी हुई है और उत्तराखंड के पर्यटन विभाग के अधि कारियों एवं पिथौरागढ़ जिला प्रशासन के अधिकारियों की एक संयुक्त टीम ने हाल ही में लिपुलेख चोटी का दौरा कर पवित्र कैलाश पर्वत के दर्शनों के लिए उक्त नवीन विकल्प की तलाश की है। इस अभियान से जुड़े धारचूला के उप जिलाधिकारी देवेश शाशनी के अनुसार



हाल ही में राज्य के पर्यटन अधिकारियों, पिथौरागढ़ जिला प्रशासन के अधिकारियों एवं साहसिक पर्यटन विशेषज्ञों और सीमा सड़क संगठन के अधिकारियों ने पुरानी लिपुलेख चोटी का दौरा किया है । सुखद आश्चर्य की बात तो यह है कि इस चोटी से कैलाश पर्वत के स्पष्ट और बड़े ही मनोहारी दर्शन होते हैं ।शाशानी ने आगे बताया कि टीम ने इस बात पर भी मंथन किया है कि कैसे पुरानी लिपुलेख चोटी को धार्मिक पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जा सकता है? वही ताजा अभियान पर प्रकाश डालते हुए पिथौरागढ़ के जिला पर्यटन अधिकारी कीर्ति चंद्र आर्य ने बताया कि टीम को व्यास घाटी में धार्मिक पर्यटन की संभावनाओं पर रिपोर्ट सौंपने का कार्य दिया गया था ।इसके लिए टीम ने 19000 फीट की ऊंचाई पर स्थित पुरा पुराने लिपुलेख दर्रा,नाभीढाग और आदि कैलाश क्षेत्र का दौरा किया । उन्होंने आगे बताया कि केवल 1800 मीटर की ऊंचाई पर स्थित लिपुलेख चोटी तक पहुंचने के लिए महज दो किलोमीटर की चढ़ाई ही करनी पड़ती है ,जो आसान तो नहीं है क्योंकि यहां वर्ष भर बर्फ जमी रहती है। लेकिन यहां तक पहुंचने के लिए भी रास्ता बनाया जा सकता है । इसके अतिरिक्त श्रद्धालु स्नोस्कूटर के जरिए भी वहां पहुंच सकते हैं। साथ ही यात्री पैदल भी इस चोटी की कठिन चढ़ाई चढ़ कर भी इस स्थान तक पहुंच सकते हैं और यहां से तिब्बत में स्थित कैलाश पर्वत के दर्शन कर सकते हैं। अधिकारियों ने यह भी कहा कि लिपुलेख चोटी तक पहुंचने के लिए रास्ता बनाने के साथ ही पर्यटकों को के लिए ठहरने व खाने-पीने आदि अन्य जरूरी सुविधाएं भी जुटाई जानी आवश्यक है और शीघ्र ही इसकी संपूर्ण रूपरेखा बनाकर इस कार्य योजना को मूर्त रूप दिया जाएगा। जिसके बाद इस जगह से देशभर के श्रद्धालु पवित्र कैलाश के दर्शन कर सकेंगे। इस विषय में टीम यथाशीघ्र अपनी रिपोर्ट शासन को देगी। जिसके बाद लिपुलेख से कैलाश पर्वत के दर्शन को सुगम व सफल बनाने के लिए आगे की रणनीति शासन स्तर पर बनाई जाएगी।

KOTIA ENTERPRISES
शुद्ध तेल खाओ, जीवन लम्बा बनाओ!
वीर कच्ची घानी
शुद्धता में सर्वोत्तम
100% Pure
होम डिलीवरी उपलब्ध
Ward No.16 Kichha Road, Bagwara Rudrapur (U.S.Nagar)
Veer Singh Virk
Managing Director
Mob.+919837146811,7500035083
Email:veersingh.bagwara@gmail.com
खल सरसों (लाही) गेहूं (कनक)/धान/मटर/सोयाबीन,उच्च मूल्य पर खरीदने बेचने के लिए संपर्क करें

## कच्ची शराब समेत एक तस्कर गिरफ्तार

काशीपुर। क्षेत्र में गश्त कर रही पुलिस ने कच्ची शराब के एक तस्कर को पकड़कर तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 65 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद किया है। पूछताछ के बाद गिरफ्तार शराब तस्कर का पुलिस द्वारा आबकारी अधि नियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया। जानकारी के मुताबिक कोतवाली पुलिस क्षेत्र में गश्त पर थी इसी दौरान उसने मानपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्ध हालत में चहलकदमी करते हुए एक शख्स को शक के आधार पर दबोच लिया। पुलिस की कड़ी पूछताछ में पकड़े गए व्यक्ति ने अपना नाम ग्राम रमपुरा निवासी चरणजीत सिंह उर्फ चांद पुत्र दलीप सिंह बताया। तलाशी में उसके कब्जे से पुलिस को 65 पाउच अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। जरूरी पूछताछ के बाद पकड़े गए शख्स का पुलिस द्वारा धारा 60 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत चालान कर दिया गया।

# केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री ने किया जनसंपर्क

## भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने किया जोरदार स्वागत

गदरपुर( उद संवाददाता)। केंद्रीय राज्यमंत्री ने भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ मुख्य बाजार में लोगों के साथ जनसंपर्क





किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को पत्रक भी बांटे। शुक्रवार को केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट मुख्य बाजार पहुंचे जहां भाजपा जिला अध्यक्ष गुंजन सुखीजा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री अजय भट्ट ने गूलर भोज रोड से मुख्य बाजार में मोदी सरकार के 9 साल बेमिसाल कार्यक्रम के तहत लोगों के साथ जनसंपर्क कर भाजपा की नीतियों का प्रचार प्रसार किया इस दौरान उन्होंने उन्होंने कहा कि आने वाले लोकसभा चुनाव में मोदी सरकार को दोबारा सत्ता में लाना है उन्होंने कहा उत्तराखंड में चुनाव में पिछली बार से ज्यादा मतों से भाजपा प्रत्याशी जीत हासिल करेंगे उन्होंने कहा मोदी सरकार के कार्यों की वजह से आज भारत विश्व गुरु बनने की राह पर है इस मौके पर मंडी समिति अध्यक्ष सुभाष गुंबर, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य अशोक हुड़िया, राजेश गुंबर,राजकुमारभुड्डी, प्रमोद बजाज, पंकज सेतिया, समन मुंजाल, भाजपा युवा मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुनि भुसरी, अनिल जेटली, रविंद्र बजाज, संजय चौधरी, रविंदर सिंह, काफी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद थे।

# मानवता की सेवा के लिए रेडक्रॉस सबसे बड़ा आशीर्वाद: राज्यपाल

## राज्यपाल ने किया रेडक्रॉस समिति के मोबाइल ऐप 'रेडक्रॉस उत्तराखण्ड' का विमोचन

देहरादून( उद संवाददाता)। भारतीय रेडक्रॉस समिति, उत्तराखण्ड के अध्यक्ष एवं राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह ( से नि) की अध्यक्षता में भारतीय रेडक्रॉस समिति राज्य शाखा की 18वीं






आम सभा बैठक सम्पन्न हुई। इस बैठक में उपाध्यक्ष भारतीय रेडक्रॉस समिति/स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे। इस अवसर पर राज्यपाल ने रेडक्रॉस समिति के मोबाइल ऐप 'रेडक्रॉस उत्तराखण्ड' का विमोचन किया। बिट्स पिलानी कॉलेज द्वारा तैयार किए गए इस मोबाइल ऐप के माध्यम से रेडक्रॉस की गतिविधियों की जानकारी आम जन तक पहुंचेगी। इस अवसर पर राज्यपाल ने प्रदेश के सभी जनपदों में कार्यरत स्वयंसेवकों को कोरोना काल में किए गए उनके सराहनीय कार्यों के लिए भी सम्मानित किया। अपने संबोधन में राज्यपाल ने कहा कि रेडक्रॉस स्वयंसेवक सेवा, समर्पण और परोपकार की भावना से राष्ट्र और समाज को योगदान दे रहे है। मानवता की सेवा के लिए रेडक्रॉस सबसे बड़ा आशीर्वाद है। विभिन्न प्रकार की आपदाओं एवं दुर्घटनाओं में रेडक्रॉस स्वयंसेवक बड़ी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में चार धाम यात्रा, मानसून के दौरान रेडक्रॉस के स्वयंसेवकों को लोगों की सहायता हेतु सदैव तत्पर रहना होगा। राज्यपाल ने पदाधिकारियों से कहा कि रेडक्रॉस से अधिक से अधिक आजीवन सदस्य जोड़े जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए विभिन्न स्तर पर प्रशिक्षण आयोजित कर लोगों को रेडक्रॉस से जोड़ने हेतु प्रेरित किया जाए। उन्होंने कहा कि स्कूलों और कॉलेजों में भी जूनियर रेडक्रॉस कार्यक्रमों को प्रभावी बनाएं। उन्होंने रेडक्रॉस में महिलाओं एवं बेटियों की भागीदारी बढ़ाने के भी निर्देश दिये। राज्यपाल ने जिला स्तर पर कार्य कर रही समितियों के कार्यों को भी सराहा। स्वास्थ्य मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने पदाधि कारियों से कहा कि रेडक्रॉस में सदस्यता अभियान पर विशेष प्रयास करने की जरूरत है। उन्होंने प्रदेश में सभी सांसदों, विधायकों और जिला पंचायत अध्यक्षों को रेडक्रॉस के संरक्षक सदस्य बनाने का सुझाव दिया। बैठक में पिछली आम सभा की बैठक की कार्यवाही की अनुपालन आख्या प्रस्तुत की गई। इस दौरान वर्ष 2022-23 में भारतीय रेडक्रॉस जिला स्तरीय समितियों व राज्य शाखा द्वारा किए गए कार्यों का प्रस्तुतिकरण दिया गया। बैठक में वित्तीय वर्ष 2022-23 में भारतीय रेडक्रॉस समिति, राज्य शाखा उत्तराखण्ड का वास्तविक आय-व्ययक प्रस्तुत किया गया। इसके साथ ही वर्ष 2023-24 हेतु अनुमानित आय-व्ययक भी प्रस्तुत किया गया। इस दौरान रेडक्रॉस समिति के प्रस्तावित कार्यक्रमों पर भी चर्चा की गई। समिति द्वारा भविष्य में सामान्य एवं स्वास्थ्य कार्यक्रम, प्रशिक्षण एवं आपदा प्रबंधन, जूनियर/यूथ रेडक्रॉस का गठन एंव फंड रेजिंग अभियान प्रस्तावित किये गये हैं। बैठक में राज्य मैनेजिंग कमेटी के चेयरमैन कुंदन सिंह टोलिया ने धन्यवाद ज्ञापित किया। इस बैठक में सचिव श्री राज्यपाल रविनाथ रामन, सचिव स्वास्थ्य डॉ. आर. राजेश कुमार, महानिदेशक स्वास्थ्य डॉ. विनीता शाह, रेडक्रॉस राज्य मैनेजिंग कमेटी के वाइस चेयरमैन डॉ. गौरव जोशी, प्रभारी महासचिव हरीश चन्द्र शर्मा, वाईस चेयरमैन गौरव जोशी, कोषाध्यक्ष मोहन खत्री के अलावा रेडक्रॉस समिति मैनेजिंग कमेटी के सदस्य आदि उपस्थित रहे।

# सचिव बृजेश संत ने ग्राम गुरना में सुनी जन समस्याएं

पिथौरागढ़ (उद संवाददाता)। सचिव उतराखण्ड शासन बृजेश संत ने जनपद के विकासखण्ड ग्राम गुरना पहुंचकर ग्राम के पंचायत भवन में ग्रामीणों की समस्याएं सुनी। इसके साथ ही जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा भी की तथा संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जन सुनवाई के दौरान ग्रामीणों ने ग्राम गुरना व सेरीकांडा में पेयजल समस्या, एनएच व अन्य सड़क मार्गों की जद में आई भूमि व अन्य निजी संपत्ति के मुआवजे का भुगतान न होने, क्षेत्र में नये सड़क मार्ग के निर्माण, ग्राम गुरना में बारात घर के निर्माण की मांग आदि समस्याओं को प्रमुखता से सचिव के समक्ष उठाया। जिस पर सचिव




ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि शासन स्तर पर हल होने वाली समस्याओं का समाधान शासन स्तर पर किया जायेगा। जबकि जिला स्तर पर हल होने वाली समस्याओं के समाधान के लिए सचिव ने जिलाधिकारी को समस्याओं के शीघ्र समाधान करने के निर्देश दिये। इसके बाद सचिव ने जल संस्थान, शिक्षा, लघु सिंचाई, कृषि. उद्यान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ विभागीय योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की तथा अधिकारियों को कार्यों में तेजी से प्रगति लाने के निर्देश दिए। इससे पूर्व सचिव द्वारा जनपद के बेरीनाग में स्थित खाद्यान्न भंडार, स्थानीय स्वयं सहायता समूह के स्थानीय उत्पादों आदि का निरीक्षण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी रीना जोशी, मुख्य विकास अधिकारी वरुण चौधरी,पीडी डीआरडीए आशीष पुनेठा, डीडीओ रमा गोस्वामी, ग्राम प्रधान गुरना ऊषा तिवारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व ग्रामीण उपस्थित थे।

# डॉक्टर्स डे पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर आयोजित

देहरादून(उद संवाददाता)। नेशनल डॉक्टर्स डे के उपलक्ष्य में विचार एक नई सोच सामाजिक संगठन ने एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में दून मेडिकल कालेज की टीम ने 150 यूनिट रक्तदान एकत्रित किया। शिविर में विनोद कंडारी, दून मेडिकल कालेज के प्राचार्य और निदेशक चिकित्सा शिक्षा डा. आशुतोष सयाना, नागपुर घराने के राजगुरू एंव राम संकल्प क्षेत्र रामटेक के पीठाधेश्वर पूज्य श्री अजय भैया जी, जिला आबकारी अधिकारी राजीव चौहान, जायसवाल, अरूण पांडेय, शिवराज राणा, हरीश कंडवाल, एस सती, दीपक जुगराण, मोहन पुरोहित व सोनू मौजूद रहे। स्वैच्छिक रक्तदान शिविर के मौके पर विधायक विनोद कंडारी ने विचार एक नई सोच संस्था के प्रयासों की बैंक की क्षमता को और बढ़ाने का प्रयास है। सरकार का प्रयास है कि हर जरूरतमंद को रक्त दे सकें। इसके लिए साल भर हमारी टीम विभिन्न संस्थाओं के साथ मिलकर रक्तदान षिविरों का आयोन करते हैं। उनके मुताबिक विचार





पत्रकारों और उनके परिजनों के साथ ही बड़ी संख्या में आम जनमानस ने भी रक्तदान किया। इस मौके पर मौजूद विधायक देवप्रयाग विनोद कंडारी व निदेशक चिकित्सा शिक्षा व प्राचार्य दून मेडिकल कॉलेज डा. आशुतोष सयाना ने कहा कि एक यूनिट रक्तदान से तीन लोगों की जान बचाई जा सकती है। डॉ सयाना ने कहा दून मेडिकल कालेज मरीजों को अत्याधुनिक सेवाएं देने में जुटा हुआ है। हरिद्वार बाईपास रोड पर स्थित अमोलाज रेस्तरां में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन देवप्रयाग के भाजपा विधायक और समाजसेवी वीर सिंह पंवार ने संयुक्त रूप से किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रख्यात सीनियर फिजिशियन डा. एस डी जोशी और संगठन के अध्यक्ष अरूण चमोली ने की। कार्यक्रम का संचालन विचार एक नई सोच संस्था के सचिव राकेश बिजिल्वाण ने किया। इस मौके पर संगठन के संरक्षक मनोज इष्टवाल, विनोद रावत, अरूण शर्मा, जय प्रकाश अमोला ने अतिथियों का स्वागत कर व उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किए। इस मौके पर गंगा अमोला, अमित अमोली, मुकेश कुकरेती, रमन सराहना की। उन्होंने कहा कि जरूरत मंदों के लिए रक्त एकत्रित करने का यह कार्य अन्य लोगों को भी प्रेरणा देगा। समय पर रक्त न मिलने पर कई मरीजों की जान चली जाती है। रक्तदान को इसलिए महादान कहा जाता है। उन्होंने लोगों को निस्वार्थ भाव से रक्तदान करने के लिए आगे आने की अपील की। उन्होंने सरकारी अस्पतालों में ही रक्तदान करने की बात कही। दून मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा. आशुतोष सयाना ने कहा कि दून मेडिकल अस्पताल को अत्याधुनिक सुविधाओं से जोड़ा जा रहा है। यहां रक्त एक नई सोच संस्था का यह प्रयास सराहनीय है। नागपुर घराने के राजगुरू एंव राम संकल्प क्षेत्र रामटेक के पीठाधेश्वर पूज्य श्री अजय भैया जी ने संस्था के प्रयासों की सराहना की और कहा कि रक्तदान महादान है। रक्तदान को धर्म से जोड़कर नहीं देखा जाना चाहिए क्योंकि रक्तदान से जरूरतमंद की जान बचाई जा सकती है। मानवता सबसे बड़ा धर्म है। विषिश्ट अतिथि समाजसेवी वीर सिंह पंवार ने भी संस्था के प्रयासों को सार्थक बताया। उन्होंने कहा कि लोगों में रक्तदान को लेकर जागरूकता जरूरी है।

# सपा राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश का मनाया जन्मदिन

हल्द्वानी (उद संवाददाता)। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव का 50वाँ जन्म दिवस समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी हाजी अब्दुल मतीन सिद्दीकी के कार्यालय में धूम धाम से मनाया गया। सर्व प्रथम नन्हें-मुन्ने बच्चों द्वारा अखिलेश यादव के नाम का केक काटा गया। सभी लोगों ने तालियाँ बजा कर अखिलेश यादव को बधाइयाँ देने के साथ-साथ उनके स्वस्थ व दीर्घायु होने की ईश्वर से कामना की।तदुपरांत आयोजित विचार गोष्ठी को संबोधित करते समाजवादी पार्टी के उत्तराखण्ड प्रभारी अब्दुल मतीन सिद्दीकघे ने कहा कि 2012 में सब से कम उम्र के देश के सबसे बड़े प्रदेश उत्तर



प्रदेश के मुख्य मंत्री बनकर तो इतिहास रचा ही था। उसके बाद जो जनहित के कार्यों एवं विकास की जो गंगा बहाई थी। वह सब भी इतिहास में सुनहरे अक्षरों में लिखा जाएगा। वर्तमान सरकारें एवं पूर्व की सरकारें अखिलेश यादव के कार्यों के मुकघबले आधा कार्य भी नहीं कर पायी हैं।अखिलेश यादव की सरकार के कार्यों की जनता आज भी तारीफ करती है और मोजूदा सरकारों के कार्यों से अपने आप को ठगा सा महसूस करती है। अब जनता अखिलेश यादव व समाजवादी पार्टी की ओर ही आशा लगाये बैठी है। इस लिये अब हम सबकी भी यह जिम्मेदारी है कि 2024 के लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी को अधिक से अधिक सीटें जितवा कर अखिलेश यादव को देश के प्रधानमन्त्री पद के दावेदारों में मजबूती के साथ खड़ा करें।विचार गोष्ठी में मुख्य रूप से जावेद सिद्दीकघे, अरशद अय्यूब, अलीम अंसारी, संजय गुप्ता, इस्लाम मिकरानी, उमैर मतीन, सलीम सेफी, सैयद फरहत अली, नसरत् हुसैन, जावेद मिकरानी, गौरव कुमार, रेहान अहमद, शाजेब खघँ, मुन्नु कघुरैशी, शकील अंसारी, रिजवान हुसैन, नजीर अहमद, मोहम्मद अनस, मेराज हुसेन सहित सैकड़ो कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# राष्ट्रीय किक बॉक्सिंग प्रतियोगिता में प्रतिभाग करेंगे हितेश कुमार

रूद्रपुर (उद संवाददाता)।बीते दिनों देहरादून में आयोजित प्रथम उत्तराखण्ड राज्य स्तरीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता में हितेश कुमार ने -57 किलो ग्राम सीनियर पुरुष



लाइट कांटैक्ट स्पर्धा में स्वर्ण पदक अर्जित कर अपना स्थान सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता हेतु पक्का किया था। 1 जुलाई से 5 जुलाई 2023 तक होने वाली सीनियर राष्ट्रीय प्रतियोगिता पंजाब के लवली प्रॉफेशिनल युनिवर्सिटी में आयोजित की जा रही है जिसमें उत्तराखंड प्रदेश के 28 महिला एवम् पुरुष खिलाड़ी प्रतिभाग कर रहे है। किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर के अध्यक्ष बबलू दिवाकर ने बताया कि पंजाब में आयोजित सीनियर राष्ट्रीय किकबॉक्सिंग प्रतियोगिता के उत्कृष्ट खिलाड़ियों का आगामी एशियन इंदौर एंड मार्शल आर्ट गेम्स और वर्ल्ड किकबॉक्सिंग चैंपियनशिप के लिए चयन किया जाएगा किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के सचिव मनोज राजहंस ने रूद्रपुर के किकबॉक्सिंग खिलाड़ी हितेश कुमार को विजय हेतु शुभकामनाएँ दी। इस अबसर पर अवसर पर मुकेश यादव, मिण्टू सैनी, यतेन्द्र कुमार, विक्रम, केशव, कृष्णा, आनंद, जिला किक बॉक्सिंग एसोसिएशन ऊधम सिंह नगर के पदाधिकारियों प्रशिक्षकों ओर खेल प्रेमियों ने हितेश के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मुख्यमंत्री धामी का जताया आभार

देहरादून(उद संवाददाता)। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी से मुलाकात कर उत्तराखंड उर्दू अकादमी के पूर्व उपाध्यक्ष व अंतरराष्ट्रीय शायर व कवि अफजल मंगलौरी ने उत्तराखंड में उर्दू भाषा के साहित्यकारों के लिए एक लाख रुपये का एवार्ड दिए जाने का स्वागत करते हुए उनका आभार प्रकट किया। अफजल मंगलौरी ने उत्तराखंड साहित्य गौरव सम्मान व लोकभाषा कवि सम्मेलन के अवसर पर मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए कहा



कि गढ़वाली,कुमायूंनी, हिंदी,जौनसारी व अन्य भाषओं के साहित्यकारों के साथ उर्दू के साहित्यकारों का सम्मान पूरी उर्दू दुनिया के उर्दू प्रेमियों का सम्मान है।उन्होंने कहा कि डा.उनवान चिश्ती के नाम पर ये एवार्ड घोषित करके भाषा विभाग और संस्थान ने सराहनीय कार्य किया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने विभिन्न भाषाओं के साहित्यकारों को सम्मानित करते हुए कहा कि भारतवर्ष सदियों से अनेकता में एकता,सर्वधर्म समभाव,वसुधैव कुटुम्बकम के सिद्धांतों का देश है और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने भी "सबका साथ-सबका विकास" मन्त्र देकर हर वर्ग,हर जाति,हर धर्म,हर समुदाय और हर भाषा के मानने वालों के उत्थान और कल्याण के रास्ते खोल दिये है।

# सेवानिवृत पुलिस अधिकारियों व कर्मियों को दी भावभीनी विदाई

रूद्रपुर (उद संवाददाता)। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मंजूनाथ टीसी की मौजूदगी में पुलिस लाईन में आयोजित एक समारोह में विभाग में सेवानिवृत हुए अधिकारियों व कर्मियों को भावभीनी विदाई दी गई। गौरतलब है कि उपनिरीक्षक चिरंजीवी जोशी, उपनिरीक्षक गोविंद सिंह अधिकारी, हेम चंद्र जोशी, लक्ष्मण सिंह, कैलाश चंद्र पंत, शोभा कुशवाहा व कुक किशोर कुमार की अधिवर्षता सेवानिवृत्ति के अवसर पर विदाई समारोह का आयोजन किया गया ।इस अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सेवानिवृत हुए पुलिस कार्मिकों को



प्रशस्ति पत्र, उपहार, भेंट व शाल ओढ़ाकर भावभीनी विदाई दी गयी तथा उनके अच्छे स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की प्रार्थना करते हुए समस्त पुलिस परिवार की ओर से सेवानिवृत्ति की शुभकामनाऐं दी गयी । विदाई समारोह में एसपी क्राइम, एसपी सिटी, एसपी काशीपुर, समस्त क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष व पुलिस लाईन के अन्य अधिकारी/ कर्मचारियों द्वारा सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी, कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य एवं मंगलमय जीवन की शुभकामनाएं दी गईं।

# अखिलेश यादव के जन्म दिन पर किया पौधारोपण

काशीपुर(उद संवाददाता)। सपा प्रमुख अखिलेश यादव के 50वें जन्मदिन के मौके पर यह पार्टी कार्यकर्ताओं ने पौधा रोपण कर केक काटते हुए जन्मदिन धूमधाम से मनाया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव के दीर्घायु की कामना की। मुरादाबाद रोड स्थित लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में आयोजित कार्यक्रम के दौरान समाजवादी पार्टी के व्यापार सभा के राष्ट्रीय कार्यकारिणी सदस्य रवि छाबड़ा ने कहा कि महज 38 वर्ष की उम्र में अखिलेश यादव को देश के सबसे बड़े राज्य उत्तर प्रदेश की जनता ने मुख्यमंत्री की कुर्सी पर बिठाया। श्री छाबड़ा ने कहा कि उनके पिता मुलायम सिंह यादव बड़े राजनेता थे। श्री छाबड़ा ने कहा कि अखिलेश यादव का राजनैतिक सफर बेहद दिलचस्प रहा। उन्होंने अपने



मुख्यमंत्रित्व कार्यकाल में विकास को गति दी। विदेश से उच्च शिक्षा ग्रहण करने के बाद वह सीधे यूपी की राजनीति में दाखिल हुए। उन्होंने अपने राजनैतिक कार्यकाल में संगठन की छवि को और बेहतर बनाने का प्रयास किया यही कारण है कि अखिलेश यादव आज युवाओं की पहली पसंद बने हुए हैं। इसी तरह समाजवादी पार्टी के महानगर अध्यक्ष नईम चौधरी ने भी सपा मुखिया के कार्यों की मुक्त कंठ से प्रशंसा करते हुए कहा कि अखिलेश यादव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश की भांति उत्तराखंड में भी संगठन तेजी से मजबूत हो रहा है। नईम चौधरी ने कहा कि निकाय चुनाव के बाद 2024 में होने वाले संसदीय चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूती से चुनाव लड़कर प्रदेश की सत्ता पर परचम फहरायेगी। इस मौके पर पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष नाजिम सैफी, नगर सचिव शाकिर सैफी, जिला सचिव आकाश यादव, यूथ ब्रिगेड के प्रदेश सचिव सचिन चौधरी, नगर उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ दानिश चौधरी व अफसर समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। ऐसी ही जसपुर में भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने सपा मुखिया का जन्मदिन मनाते हुए उनके दीर्घायु की कामना की। इस मौके पर तीन दर्जन से अधिक लोगों ने दूसरी पार्टियों को छोड़कर समाजवादी पार्टी का दामन थाम लिया। इसी तरह बाजपुर में भी अरविंद यादव के नेतृत्व में समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया।

## पेज एक का शेष...

**बस में आग....**

गंवाने वाले लोगों के परिजनों को 2 लाख रुपए और घायलों को 50,000 रुपए मुआवजा दिया जायेगा। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कहा कि महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले में हुआ सड़क हादसा हृदयविदारक है। दु:ख की इस घड़ी में मेरी संवेदनाएं इस भीषण हादसे में जान गंवाने वाले लोगों के परिजनों के साथ हैं। ईश्वर से उनके शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।

**कलयुगी भाई ने...**

अपने भाई के व्यवहार से तंग आ गई तो उसने परिजनों को सारी बात बता दी। जिसे सुनकर परिजन हतप्रभ रह गये। उन्होंने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करा दिया। एसएसआई अर्जुन गिरी गोस्वामी ने बताया कि मामला दर्ज करने के बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी भाई सुनील को गिरफ्तार कर लिया है और उससे पूछताछ की जा रही है।

**ट्रक से भिड़ी कार...**

लिए अस्पताल ले जाया गया। उधर जाफरपुर में कार पिकप से भिड़ गयी। बताया जाता है कि कार गदरपुर की ओर से आ रही थी। अनियंत्रित कार ने जाफरपुर में सड़क किनारे खड़े पिकप वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में चालक को मामूली चोटें आयी हैं।

**अपराधों पर नकेल कसने.....**

कार्यवाही जिसमें गुण्डा, गैगस्टर, 107/116 सीआरपीसी, पुलिस एक्ट के अन्तर्गत कार्यवाही करें, छठॅ नोटिस को शत-प्रतिशत तामील कराये, साईबर अपराधों में त्वरित कार्यवाही करते हुए अभियोग पंजीकृत करें, लम्बित मालों का निस्तारण करें, लम्बित विवेचनाओं / शिकायती प्रार्थना पत्रों की जाँच शीघ्र पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि थाने के मालो का निस्तारण कराना सुनिश्चित करें। अपराधों का तत्काल निस्तारण करें किसी भी दशा में बेवजह विवेचना लंबित न रखी जाए । सभी थाना क्षेत्र में ट्रैफिक की व्यवस्था सुधारेंगे सभी को होमगार्ड अतिरिक्त उपलब्ध कराए गए हैं, जाम न लगने दे। उन्होंने कहा प्रभावी रात्रि गस्त असलाह के साथ टाईम से रवाना होंगी। उन्होंने थाना क्षेत्र में बीट पुलिसिंग सुधारने हेतु थाना प्रभारियों को निर्देशित किया। इस दौरान एसएसपी ने अपराधों का अनावरण, थाना क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने व यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने में सराहनीय कार्य करने वाले 19 अधिकारियों व कर्मचारियों को एम्प्लॉय ऑफ द मंथ व प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। गोष्ठी में जनपद के कई पुलिस अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

**चलती बस में नशीला....**

आरोप है कि इसी दौरान पास बैठे एक व्यक्ति ने उनके चेहरे पर स्प्रे डाला। इससे वह बेहोशहो गयी। केवल आवाज सुन पा रही थीं। बीच में एक बार होश आया तो खिड़की के पास बैठे व्यक्ति ने रुमाल में स्प्रे कर उनके नाक पर लगा दिया। देहरादून से पहले डाट काली मंदिर के पास टनल आने पर उनमें से एक व्यक्ति ने कंडक्टर से बस की लाइट बंद करने को कहा। आरोप है कि अंधेरा होने पर एक व्यक्ति ने उनके साथ छेड़खानी शुरू कर दी। विरोध करने पर हाथ पकड़ लिया। शिक्षिका ने आशंका जताई है कि आरोपियों ने इस दौरान वीडियो भी बनाया है।

संस्थापक-स्व० हरनामदास सुखीजा एवं स्व०तिलकराज सुखीजा
स्वामित्वाधिकारी,प्रकाशक एवं मुद्रक परमपाल सुखीजा द्वारा उत्तरांचल दर्पण पब्लिकेशन्स, श्याम टाकीज रोड,रुद्रपुर,ऊधमसिंहनगर(उत्तराखण्ड)से मुद्रित एवं प्रकाशित
सम्पादक-परमपाल सुखीजा समाचार सम्पादक-जगदीश चन्द्र
आरएनआई नं.: UTTHIN/2002/8732 समस्त विवाद रूद्रपुर न्यायालय के अधीन होंगे।
E-mail-darpan.rdr@gmail.com,www.uttaranchaldarpan.in
फोन-245886(O)245701(Fax),9897427585,9897427586(Mob.)



CONSTRUCTING HAPPINESS
Live Healthy... Live Nature...
Live in Kashi Garden
RERA APPROVED PROJECT
UKREP05230000497
काशी गार्डन
आवासीय प्लॉट एवं विला
रेरा एप्रूव्ड कॉलोनी
40 एवं 30 फीट की सड़कें
4 पार्क
गेट बंद कॉलोनी
सीव्रेज व्यवस्था
ए-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर
90 प्रतिशत तक ऋण सुविधा
साईट ऑफिस - शिमला पिस्तौर, डीपीएस स्कूल के पास, रुद्रपुर
86504-18000